तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 बायपास मार्ग पर जगह जगह गड्ढे, राहगीर...



12 सेवा संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक...



खबर संक्षेप

एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत

महासमुंद। मेमरा के पास एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद बताया कि मृतक दयाराम साहू पिता दरसराम साहू (60 साल) राजासैवेया अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एनवाय 8965 से अपने गांव राजासैवेयाखुर्द से रायगढ़ जा रहा था। मेमरा के पास विपरीत दिशा से आ रहे एचएफ डीलक्स सीजी 06 एचए 2802 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर मृतक के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मृतक को गंभीर चोट लगी थी, जिसकी इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मामलेकी रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

बाइक से शराब का परिवहन, एक गिरफ्तार

महासमुंद। सरायपाली पुलिस ने बाइक से शराब का अवैध परिवहन करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अविनाश तिवारी पिता स्व. योगेश तिवारी (39 साल) ग्राम किशनपुर थाना पिथौरा हाल निवास ग्राम कुटेला के कब्जे 35 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की, 15 नग गोल्डन गोवा सुप्रीयर अंग्रेजी शराब, 5 नग सवा शेरा देशी प्लेन मदिरा कुल कीमत 6400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आब. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

गुटखा थूंकने से मना करने पर मारपीट

महासमुंद। गुटखा खाकर पानी टंकी में थूंकने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बाराडोली के प्रेमलाल चौहान ने बताया कि 30 सितंबर को राकेश डडसेना ने गांव के सार्वजनिक पानी टंकी में गुटका खाकर थूक दिया था, जब उसने थूंकने से मना किया तो आरोपी गाली गलौज करने लगा। दूसरे दिन एक अक्टूबर को इसी बात को लेकर राकेश डडसेना के पिता राधेश्याम डउसेना को बताने उनके घर गया था, तब राधेश्याम डडसेना एवं उसके लड़के राकेश डडसेना ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। लोहे के राड से मारपीट करने से पैर में चोट आई। इसी दौरान बीच बचाव करने आए गांव के सुशांत जगत के साथ भी दोनों ने गाली गलौज की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

गांधी जयंती पर जेल से रिहा हुए 4 प्रकरणों में बनाए गए बंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले महात्मा

- बेमचा स्थित जिला जेल में शुक्रवार को जेल लोक अदालत का हुआ आयोजन

गांधी जयंती पर जेल से 4 प्रकरण पर बंदियों को रिहा किया गया। बता दें कि बेमचा स्थित जिला जेल में शुक्रवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो और जेल अधीक्षक अश्वनी पूजा तिर्की, जेलर संदीप कुमार उपस्थित रहे। न्यायिक अधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा गांधी छायाचित्र पर माल्यर्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पश्चात जेल में निरूद्ध बंदियों द्वारा गांधी के चरित्र चित्रण और समाज में नशा के दुष्परिणामों के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा नहीं करने का संदेश दिया गया। जयंती पर जेल में आयोजित लोक अदालत में 4 प्रकरण पर बंदियों को रिहा करते हुए भविष्य में इस प्रकार की किसी भी अपराध कारित नहीं करने की हिदायत दी गई।

बंदियों को रिहा करते हुए दी गई अपराध नहीं करने की हिदायत

तन-मन की शुद्धि से बनेगा अपराध मुक्त समाज : सीजेएम

कार्यक्रम अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर द्वारा उपस्थित बंदियों को समझाते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य का तन और मन दोनों साफ तथा अपराध मुक्त होनी चाहिए। जब तक हमारे मन में किसी के प्रति ईर्ष्या, नफ़रत, लालच, गुस्सा या बदला लेने की भावना रहेगी, तब तक हम पूरी तरह से अपराध मुक्त नहीं हो सकते।



सचिव ने दी योजना की जानकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा नालसा की स्प्रोहा योजना अर्थात अभिरक्षाधीन बंदियों तथा बंदियों के परिवारजनों को विशेष रूप से दी जाने वाली विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी गई।

कार्रवाई : सेल्समैन की तलाश में पुलिस, तेंदूकोना थाना का मामला

शुष्क दिवस पर बेचने के लिए डंप की गई शराब के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांधी जयंती के दिन बेचने के लिए शराब डंप करने वाले आरोपी सहित दो लोगों को तेंदूकोना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी शराब दुकान सेल्समैन की खोजबीन की जा रही है। एक अक्टूबर को पुलिस को एक व्यक्ति के द्वारा मोटर सायकल स्प्लेण्डर प्लस क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 8994 में डिक्की के अंदर शराब रख कर बिक्री के लिए ले जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद थाना के सामने आने जाने वाली गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी। उपरोक्त बाइक के आने पर उसे रोका गया। पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम ढालन कुमार साहू बताया, तलाशी लेने पर बाइक से 20 नग सुपर 36 प्लेन देशी शराब कीमत 1600 रुपए मिला।

पुलिस ने जब संदेही से देशी प्लेन शराब के बारे मे पूछताछ की तब उसने बताया कि वह ग्राम के सुमीत कुमार अग्रवाल के कहने पर उसके मोटर सायकल से शासकीय मदिरा दुकान जाने के लिये निकला। उसे सुनील अग्रवाल ने बताया था कि उसने शासकीय शराब दुकान में चार साल तक सेल्समैन का काम किया है, उस दुकान के सेल्समैन सुनील बंजारे ग्राम डोकरपाली से जान पहचान है और उससे बात हो गई।

इसके बाद आरोपी ढालन कुमार साहू शासकीय शराब दुकान तेंदूकोना पंडरीखार रोड शराब दुकान गया। वहां सेल्समैन सुनील बंजारे ने उसे 20 नग सुपर 36 प्लेन शराब का पौवा दिया। आरोपी ने बताया ही आज ही पहली बार शराब दुकान से 20 पौवा सुपर 36 प्लेन देशी शराब को सुमीत अग्रवाल के पास उसके घर में छोड़ा था और जब दूसरी बार शराब लेने गया था तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया।



आरोपियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

इसके अलावा आरोपी ने पुलिस को बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर शराब दुकान बंद रहने के चलते आज सुमीत अग्रवाल ने कई बार शासकीय मद्दिरा दुकान सेल्समैन सुनील बंजारे के पास से सुपर 36 प्लेन देशी शराब लाकर अपने घर में प्लास्टिक बोरी में डंप करके रखा है, जिसे मैं, सुमीत अग्रवाल तथा सुनील बंजारे तीनों मिलकर सुनियोजित प्लान के मुताबिक कल गांधी जयंती के अवसर पर अवैध रूप से बिक्री करने वाले थे। पुलिस ने मामले में आरोपी सुमीत अग्रवाल, ढालन साहू को मौके से गिरफ्तार किया, वहीं प्रकरण में संलिप्त आरोपी शासकीय शराब दुकान के सेल्समैन सुनील बंजारे की खोजबीन की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2), 42 आबकारी एक्ट, 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

महासमुंद वनमंडल में दंतैल हाथी की आमद, आठ गांवों के लिए हाई अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अब तक गरियाबंद वन क्षेत्र में विचरण कर रहे एक दंतैल हाथी ने महासमुंद वनमंडल में प्रवेश किया है। वन विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार रात में 1 दंतैल हाथी ने वन मंडल गरियाबंद जिला वन परिक्षेत्र के फिंगेश्वर रेंज से होते हुए वन मंडल महासमुंद जिला में प्रवेश किया है।

दंतैल हाथी धनसुली और जीवतरा के खेतों से होते हुए कक्ष क्रमांक 78, 79 की ओर से महासमुंद से बागबाहरा रोड पार कर झालखम्हरिया के खेत के बाद कक्ष क्रमांक 65 और रेलवे लाइन को पार कर कक्ष क्रमांक 66 के जंगल में विचरण कर रहा हैं। हाथी के कक्ष क्रमांक 67, 68 की ओर आगे बढ़ने की संभावना है। हाथी की उपस्थिति के चलते ग्राम गौरखेड़ा, उमरदा, अरण्ड, मुडमार, पतेरापाली, सिरगिडी, सोरिद, चोरभट्ठी आदि के ग्रामीणों को हाई अलर्ट रहने कहा गया है। इसी तरह ग्राम बनसिवनी, लोहारडीह, परसापानी, घोघीबहार, बंजारी, कोडार के आसपास के ग्रामीणों से अलर्ट रहने कहा गया है। विभाग ने ग्रामीणों से जंगल में नहीं जाने, हाथी दिखाई देने पर वन कर्मचारी को सूचना दे की अपील की गई है।

देशी प्लेन शराब बरामद

महासमुंद। सब्जी मंडी बागबाहरा से पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी लोकेश सोनवानी पिता स्व रमेश सोनवानी (30 साल) वार्ड नंबर 10 नवागांव बागबाहरा के कब्जे से 44 पौवा शेरा कंपनी का देशी प्लेन शराब कीमती 3520 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

करंट से युवक की मौत जांच के बाद मामला दर्ज

महासमुंद। ग्राम कन्हारपुरी में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत के मामले की जांच के बाद खल्लारी थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना खल्लारी के मर्ग क्रमांक 41/2026 धारा 194 बीएनएसएस के मृतक जोहन भुंजिया पिता दउलु भुंजिया (23 वर्ष) निवासी ग्राम पाली थाना खल्लारी का मर्ग जांच किया गया। मर्ग जांच दौरान पुलिस ने घटना स्थल निरीक्षण, मृतक के परिजन पिता दऊलू भुंजिया, माता कुमारी बाई, गवाह रमेश ढीढी, नंदकुमार ध्रुव एवं कनिष्ठ यंत्री छग स्टेट पावर डिस्ट्री कं लिमि. खल्लारी से जानकारी प्राप्त जानकारी के आधार पर विजय बंजारे पिता हीरालाल बंजारे (45 वर्ष) निवासी ग्राम कन्हारपुरी थाना खल्लारी द्वारा खेत में उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाहीपूर्वक बोर कनेक्शन के लिए खींची गई श्री फेस वायर के जगह-जगह से कटे व छिले होने से 09/07/2026 के दोपहर 12 बजे मृतक जोहन भुंजिया बोर पैनल के पास लगे लोहे के बाक्स के संपर्क में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।



विरोध प्रदर्शन, पदयात्राएं और जिलाधिकारी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर इंडिया गठबंधन द्वारा किए गए देशव्यापी आंदोलन के ऐलान के तहत खल्लारी विधायक व जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कांग्रेस भवन में पत्रकारवार्ता ली। इस दौरान यादव ने बताया कि गठबंधन के निर्णय के अनुसार 2 से 8 अक्टूबर तक देशभर में जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन, पदयात्राएं और जिलाधिकारी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किए जाएंगे।

यादव ने बताया कि 30 सितंबर को नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में गठबंधन की करीब तीन घंटे चली बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव सहित विपक्षी दलों के प्रमुख नेता शामिल थे। बैठक में चुनाव आयोग की भूमिका, मतदाता सूचियों में कथित विसंगतियों और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। गठबंधन के निर्णय के अनुसार 2 से 8 अक्टूबर तक देशभर में जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन, पदयात्राएं और जिलाधिकारी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किए जाएंगे। चरणबद्ध आंदोलन के तहत जिला स्तर पर मार्च किया जाएगा, जो डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, महात्मा गांधी की प्रतिमा से जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय तक जाएगा। निर्धारित स्थल पर राष्ट्रगान के बाद संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने तथा उनके कार्यकाल के दौरान लिए गए निर्णयों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। साथ ही मतदाता सूची से एसआईआर के दौरान हटाए गए नामों को सार्वजनिक करने, प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और चुनाव में बैलेट पेपर या वीवीपैट की शत- प्रतिशत पर्चियों के मिलान की मांग की गई है। पत्रकारवार्ता के दौरान विनोद चंद्राकर, लक्ष्मण पटेल, गुरमीत चावला, राशि महिलांग, मानिक साहू, संजय शर्मा, अन्नू चंद्राकर, महेंद्र चंद्राकर आदि कांग्रेसी उपस्थित रही। विधायक द्वारिकाधीश ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुई एसआईआर प्रक्रिया में करीब 19 लाख मतदाताओं के नाम स्थान परिवर्तन अथवा अनुपस्थित होने के आधार पर हटाए गए हैं। महासमुंद जिले से ही कुल 92700 मतदाताओं के नाम हटाए गए। महासमुंद विधानसभा से 28397, खल्लारी से 20033, बसना से 21752 और सरायपाली विधानसभा से 22518 मतदाताओं के नाम काटे गए। उन्होनें कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी आवश्यकता है। पार्टी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है।



शांति व समृद्ध भारत निर्माण का लिया संकल्प

सेनानी संगठन ने मनाई गांधी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के सदस्यों ने गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित कर किए। कार्यक्रम में महामंत्री कुबेर गिरी गोस्वामी, नारायण नामदेव (अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन महासमुंद), चित्रसेन गिरी (उपाध्यक्ष), संजय गिरी, बसंत चंद्राकर, योगेश जैन, राकेश झाबक, संजीव साहू, आनंद गिरि, शेषनारायण, हर्षवर्धन मनोज गिरी, आदि उपस्थित रहे। संगठन महामंत्री कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा स्वच्छता और मानवता के मार्ग पर चलकर पूरे विश्व को शांति का संदेश दिया। आज हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और एक स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प ले। अध्यक्ष नारायण नामदेव ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का योगदान अतुलनीय और निर्णायक रहा। जिन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को ब्रिटिश शासन से आजादी दिलाई। 1917 में चंपारण सत्याग्रह अधिकार की लड़ाई शुरू की। बाद खेड़ा सत्याग्रह 1918 में और अहमदाबाद मिल मजदूर आंदोलन के जरिए स्थानीय स्तर पर बड़ी सफलताएं हासिल की। ब्रिटिश राज के विरुद्ध असहयोग आंदोलन एक बहुत बड़ा जन आंदोलन था। इसमें अंग्रेजों की वस्तुओं उपाधियों और सरकारी संस्थाओं का बहिष्कार किया गया। 12 मार्च 1930 को उन्होंने साबरमती आश्रम से दांडी तक 250 यात्री मिलकर यात्रा की। 6 अप्रैल 1930 को नमक कानून तोड़कर सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत की। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अंग्रेजों को भारत से पूरी तरह भागने के लिए सबसे बड़ा राष्ट्रीय आंदोलन था। इसमें उन्होंने करो या मरो का प्रसिद्ध नारा दिया।



ठेला संचालक ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम कसेकेरा नवाडीह में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में ठेला संचालक के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया है। कसेकेरा नवाडीह निवासी पन्नालाल ऊर्फ पिंटू पटेल एक अक्टूबर की दोपहर करीबन 02 बजे गांव के गिलेश यादव के ठेला के पास अपने दोस्त कमलेश, गोलू, अमन से बात करने के लिए गया। तभी गिलेश यादव मेरे ठेला के पास क्यों आया है, कहकर गाली गलौज करने लगा।

जब उसने मना किया तो आरोपी गिलेश यादव ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

मिरर टकराने को लेकर साराडीह में दो पक्षों के बीच जमकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कार के बाइक के मिरर से टकराने को लेकर हुए विवाद के चलते ग्राम साराडीह में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस को प्रार्थी टिकेश्वर चेलक ने बताया कि एक अक्टूबर को खिलेश्वर साहू उसकी कार डिजायर क्रमांक सीजी 06 जीजेड 7015 को लेकर महासमुंद गया था। महासमुंद से रात करीबन 07.30 बजे वापस अपने गांव साराडीह आ रहा था, तभी पवन यादव के घर के सामने विजय यादव अपने मोटर सायकल में बैठा था, उसी समय सामने से कार के मिरर से मोटर सायकल टकरा गया, जिस पर विजय यादव द्वारा इतनी बड़ी गाड़ी दिखाई नहीं दे रही है कहा। इसी बात को लेकर विजय यादव और प्रार्थी के बीच बहस हो गई। इसके बाद विजय यादव व उसके पिता संतु यादव उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। आवाज सुनकर प्रार्थी की मां महेश्वरी चेलक बीच बचाव करने आई तो कंचन यादव द्वारा मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

वहीं विजय यादव ने अपनी रिपोर्ट पर में पुलिस को बताया कि एक अक्टूबर को साराडीह से घोड़ारी काम करने अपने मोटर सायकल से जा रहा था। मोटर सायकल में पेट्रोल नहीं होने के कारण वह पवन यादव के घर के पास रूका था, उसी समय रात करीबन 07.30 बजे कार क्रमांक सीजी 06 जीजेड 7015 के चालक खिलेश्वर साहू ने उसकी मोटर सायकल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक गिर गया। तब उसने इतना बड़ा गाडी दिखाई नहीं दे रहा है कहा, इसी बात को लेकर उसकी आशीष चेलक उर्फ टिकेश्वर चेलक के साथ बहस हो गई। इसके बाद आशीष चेलक गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। आवाज सुनकर उसके पिता संतु यादव एवं मां जागेश्वरी यादव बीच बचाव करने आयी तो मां जागेश्वरी के साथ महेश्वरी चेलक ने गाली देकर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

खबर संक्षेप



शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए खाद्य विभाग के भृत्य डमरूलाल कंवर

महासमुंद। कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) महासमुंद में भृत्य के पद पर कार्यरत डमरूलाल कंवर 30 सितंबर 2026 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने शासकीय सेवा में कुल 26 वर्ष 11 माह 04 दिन की सेवा अवधि पूर्ण की। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने डमरूलाल कंवर को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर कंवर की पत्नी एवं परिवारजन मौजूद थे। नियुक्ति से लेकर सेवानिवृत्ति तक उन्होंने कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा महासमुंद में अपनी सेवाएं दीं। लगभग 27 वर्षों की शासकीय सेवा के दौरान कंवर ने सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए कार्यालयीन कार्यों में अपना योगदान दिया। सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें नियमानुसार प्रतिमाह निर्धारित पेंशन का पीपीओ आर्डर सौंपा गया एवं ग्रेच्युटी, उपादान एवं अवकाश नगदीकरण का चेक प्रदान किया गया। सेवानिवृत्ति के अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किए जाने पर डमरूलाल कंवर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी आशीष चतुर्वेदी एवं कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी उनके दीर्घ एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सुखमय एवं शांतिपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दीं।

आयोजन : कांग्रेस भवन में गांधी एवं शास्त्री की जयंती पर हुआ कार्यक्रम, चौक-चौराहों पर हुआ माल्यार्पण

गांधी की अहिंसा और शास्त्री का 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी प्रासंगिक : द्वारिकाधीश यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद एवं शहर कांग्रेस कमेटी महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय कांग्रेस भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने देश निर्माण में दोनों महापुरुषों के अतुलनीय योगदान को याद किया और उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर दुनिया के सबसे शक्तिशाली साम्राज्य को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। आज जब देश में वैचारिक चुनौतियां बढ़ रही हैं, तब गांधी के विचार और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देकर देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों और देश का पेट भरने वाले किसानों के सम्मान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। कांग्रेस पार्टी सदैव इन दोनों महापुरुषों के सिद्धांतों पर कायम रहकर जनसेवा के पथ पर अग्रसर रहेगी।

शहर कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष गुरमीत चावला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी और शास्त्री के आदर्श एवं सिद्धांत हमारी कांग्रेस पार्टी की मूल आत्मा हैं। गांधी का सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता का मार्ग तथा शास्त्री का सादगी और स्वावलंबन का संदेश आज पूरे शहर और देश के लिए प्रेरणास्रोत है। महासमुंद शहर कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता इन महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को धरातल पर और अधिक मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ संकल्पित है।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि



चंद्राकर, पूर्व संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर, पूर्व उपाध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद महेंद्र चंद्राकर, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष राशि महिलांग एवं पूर्व नपा उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने भी संबोधित किया। नेताओं ने कहा कि, गांधी और शास्त्री का जीवन त्याग और सादगी का अनुपम उदाहरण है। दोनो ने अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। गांधी का ग्राम स्वराज का सपना और शास्त्री जी का स्वावलंबन का संदेश आज भी भारत की आत्मा में रचा-बसा है। आज की युवा पीढ़ी को इन महापुरुषों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर देश में सौहार्द, समरसता और लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने की आवश्यकता है।

कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम के तुरंत पश्चात सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं सैकड़ों कर्मठ कार्यकर्ता जुलूस के रूप में रवाना हुए। सर्वप्रथम गांधी चौक पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया, जिसके बाद शास्त्री चौक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पूरा माहौल महात्मा गांधी अमर रहें, लाल बहादुर शास्त्री अमर रहें और जय जवान, जय किसान के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल एवं आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष गुरमीत चावला ने किया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल, जिला कोषाध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महामंत्री गणेश शर्मा, जिला महामंत्री समीम खान, जिला महामंत्री विजय बंजारे, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर महामंत्री निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, भरत ठाकुर, लक्ष्मी देवांगन, गिरीश पटेल, अमर चंद्राकर, अमन चंद्राकर, तुलसी साहू, ममता चंद्राकर, सोनम रामटेके, नितेंद्र बैनर्जी, दिलीप जैन, मानिकराम साहू, तबरेज खान, गोविंद साहू, मोक्ष प्रधान, गौरव चंद्राकर, राजेश नेताम, टोमन कागजी, राजू साहू, प्रदीप चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर, अरिश अनवर, कपिल साहू, लीलू साहू, भोलेनाथ गंधर्व, खोम सिन्हा, जुगल किशोर शर्मा, अशोक अग्रवाल, विनोद युगर, बलदाऊ बांदे, तुलसी देवादास, अरूण साहू, भानू सोनी, छोटेलाल मानिकपुरी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



राइस मिल्स एसोसिएशन द्वारा रक्त दाताओं का सम्मान

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर को गांधी/शास्त्री जयंती पर तुमगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी रक्तदाताओं को राइस मिल्स एसोसिएशन महासमुंद द्वारा भेंट सामग्री देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं राइस मिल्स एसोसिएशन के सदस्य बाबी जिंदल तथा सुमीत अग्रवाल द्वारा भी रक्तदान कर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी अक्षा गुप्ता, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामेश्वर सिंह कुशवाहा, स्वास्थ्य विभाग से नीलू घृतलहरे, तहसीलदार पटेल, भाजपा के जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, राइस मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सदस्य राहुल चंद्राकर, बाबी जिंदल, सुमीत अग्रवाल, तुमगांव के नागरिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ आंगन मिलन उत्सव कार्यक्रम, शाला परिसर में मुनगा पौधा रोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन उत्सव का आयोजन पैकिंग के आंगनबाड़ी केंद्र बी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा निलेश तिवारी जनपद सदस्य एवं सरपंच गीतिका आरूणि छत्रे ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता पुरोहित एवं सहायिका उपमा छत्रे द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं



के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में तनुज भोई का अन्नप्राशन संस्कार एवं पुष्पा राजकुमार गिरी की गोद भराई भेंट एवं फल देकर किया गया। अपने ग्राम में उत्कृष्ट सेवा देने हेतु मुख्य अतिथिद्वय द्वारा मितानिन प्रभा तिवारी, सुशीला मुंडा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता पुरोहित एवं सहायिका उपमा छत्रे एवं प्रतिभा पाढ़ी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा की तर्ज पर शाला परिसर में मुनगा पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभा पाढ़ी द्वारा न्योता भोज दिया गया, जिसमें चावल, दाल, सब्जी एवं खीर दिया गया। कार्यक्रम में पूजा निलेश तिवारी, गीतिका आरूणि छत्रे, उपसरपंच महेश्वर बरिहा, पंच संतोषिनी तांडी, खिरोद्र चौहान, आरूणि छत्रे, दयानंद साव, सचिव जवाहिर साहू, प्रभास मिश्र, शेषदेव दास, संजीव दास, संजय भोई, उबासिनी बरिहा, बीआरपी माधुरी चौहान, शरद पुरोहित, प्रतिभा पाढ़ी, ज्योति प्रधान, उपमा छत्रे की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रधान, प्रधान पाठक शाप्राशा पैकिन एवं गीता पुरोहित द्वारा आभार व्यक्त किया।

पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 06 नयापारा बरगद चौक स्थित गौरा चौरा में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज विधि-विधान से हुआ। भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद सीता टोंडेकर के साथ किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उपस्थित वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। गौरा चौरा जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थल का सौंदर्यीकरण और वहां पेवर ब्लॉक निर्माण से माताओं बहनों को पूजा पाठ और त्योहारों के अवसर पर सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नयापारा क्षेत्र के वार्डों में विकास की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पार्षदों और आम जनों के साथ मिलकर हम पूरे शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापतिगण जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षदगण नीरज चंद्राकर, धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी सहित वार्डवासी पूनम नेताम, राधा विश्वकर्मा, गंगा बाघ, सुशीला राज, अनीता गुप्ता, सतनाम, लोकेश्वरी यादव, पुन्नी बरीहा एवं बड़ी संख्या में सम्माननीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

महानदी में रेत माफियाओं का आतंक, पुलिस और खनिज विभाग की मौन सहमति से शासन को लाखों की क्षति

महासमुंद। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पिटीयाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने सिरपुर क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत के काले कारोबार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बिना खनिज विभाग की मौन सहमति के यह अवैध उत्खनन संभव ही नहीं है। इस अवैध कारोबार के चलते शासन को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है। वहीं, शासन की छवि भी लगातार धूमिल हो रही है।

साहू ने कहा कि ग्राम सिरपुर के आसपास महानदी से दिन रात सैकड़ों ट्रैक्टरों के माध्यम से अंधाधुंध अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। यहां तक कि विश्व प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर के आसपास के क्षेत्र को भी रेत माफियाओं ने नहीं



छोड़ा है। महानदी के सीने को छलनी कर रेत निकाली जा रही है और अवैध रूप से डंप कर ऊंचे दामों पर बेची जा रही है। इससे महानदी के पारिस्थितिक तंत्र को भारी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टरों से हो रही अंधाधुंध ढुलाई के कारण क्षेत्र की सड़कों की दुर्दशा हो गई है और ग्रामीणों का चलना दूभर हो गया है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कुछ दिन पूर्व ही ग्राम मोहकम में तेज रफ्तार रेत भरी ट्रैक्टर ने एक स्कूली बच्ची को रौंद दिया था, जो इस अवैध कारोबार की भयावहता को दर्शाता है। इतनी बड़ी घटना के बाद भी विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं करना उनकी कार्यशैली पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। साहू ने कहा कि दिन और रात बेखौफ होकर चल रहा यह अवैध उत्खनन विभागीय संरक्षण के बिना असंभव है। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की है कि महानदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए, डंप किए गए रेत को जब्त किया जाए और इसमें लिप्त माफियाओं के साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि शासन को राजस्व क्षति से बचाया जा सके और जनता में शासन के प्रति विश्वास बना रहे।



आंगन मिलन सेवा में योजनाओं की दी जानकारी

महासमुंद। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-3 पाटिलबाहरा नांदगांव में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, ग्रामीणों एवं बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। बच्चों के नियमित वजन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण के महत्व के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। साथ ही महिलाओं के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं तथा गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को मिलने वाली शासकीय योजनाओं के लाभ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं समुचित पोषण के लिए अभिभावकों को आवश्यक सावधानियों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की खेल एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्र की जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, सरपंच भरत गेंद्रे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दमयंती शर्मा, पूर्णिमा पटेल, सहायिका जमुना पटेल सहित गीतू धीवर, यशोदा, निर्मला, पुन्नी पटेल, हीना, खुशी वासनी, मधु, बिंदु एवं कामनी यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को न्योता भोज कराया गया।

सेवा संकल्प शिविर में पहले दानदाता बने विजय कुमार, जरूरतमंदों के लिए किया वस्त्र दान

महासमुंद। नगर पालिका परिषद द्वारा सेवा, सहयोग एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "सेवा संकल्प शिविर" के अंतर्गत 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2026 तक वस्त्रदान, पुस्तक दान एवं बच्चों के खिलौने दान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की शुरुआत के साथ ही वार्ड क्रमांक 17 निवासी विजय कुमार साहू पहले दानदाता बने। उन्होंने जरूरतमंद लोगों के उपयोग के लिए स्वच्छ एवं उपयोग योग्य वस्त्र नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा को प्रदान किए। नगर पालिका परिषद द्वारा लोगों से घरों में उपलब्ध स्वच्छ, अच्छी स्थिति एवं उपयोग योग्य कपड़े, बच्चों के खिलौने, पुस्तकें तथा अन्य उपयोगी सामग्री इस अभियान के तहत नगर पालिका कार्यालय में दान करें। प्राप्त सामग्री को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने की बात कही है। सीएमओ सौरभ शर्मा ने कहा कि दान केवल वस्तु देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों के साथ संवेदनशीलता और सहयोग का भाव साझा करने का अवसर है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन की समन्वयक नीतू प्रधान, जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार, विद्युत प्रभारी नौशाद बक्श, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी जितेंद्र मोहंती, रामकुमार साहू, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे आदि उपस्थित रहे।



आरसेटी प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बनी दीपिका

महासमुंद। जिले के विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम बोदरीदादर निवासी दीपिका चंद्राकर ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने अपने कौशल और स्थानीय बाजार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम में दुकान खोलने के बजाय पास के नगर पंचायत बागबाहरा में अपनी दुकान शुरू करने का निर्णय लिया। दीपिका बताती हैं कि आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उनके मन में स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का विचार आया। उन्होंने महसूस किया कि गांव में दुकान संचालित करने की अपेक्षा बागबाहरा नगर में दुकान शुरू करने से अधिक ग्राहकों तक पहुंच बनाई जा सकती है। इसी सोच के साथ उन्होंने बागबाहरा में अपनी बूटीक एवं ब्यूटी पार्लर दुकान शुरू करने का निर्णय लिया। व्यवसाय शुरू करने के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता नहीं थी। दीपिका ने अपने घर की बचत से लगभग 50 हजार रुपए की राशि लगाकर दुकान प्रारंभ की। सीमित पूंजी से शुरू किया गया यह व्यवसाय धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगा।



लाफिनखुर्द में आंगनबाड़ी में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन

महासमुंद। ग्राम लाफिनखुर्द में आंगनबाड़ी में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच जानकी साहू तथा विशेष अतिथि चुनेश्वरी साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भारत सिंह साहू प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द, स्वास्थ्य विभाग से नेमा साहू तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शैल नवरंगे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा किया गया। विशेष अतिथि चुनेश्वरी साहू ने शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए गैस सिलेंडर, आवास, राशन, निःशुल्क इलाज एवं टीकाकरण जैसी सुविधाओं के बारे में बताया। भारत साहू प्राचार्य ने नई शिक्षा नीति में प्री प्राइमरी में आगनबाड़ी की भूमिका पर चर्चा चर्चा की। कार्यक्रम को स्वास्थ्य विभाग से ध्रुव, शिक्षा विभाग से देशमुख एवं अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अनिता साहू (पंच), हसीना, चंद्रिका, लक्ष्मी ध्रुव, सरस्वती ध्रुव, लक्ष्मी यादव (पंच) सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, माताएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कल होगा बेटा जौतिया महाव्रत पर्व एवं चिल्हरीडार पूजा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जय सिंघाधुवा सेवा समिति, आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद एवं गोंड समाज के 5 परिक्षेत्र (बकमा, खल्लारी, बहानेश्वर, मुस्की एवं सिरपुर) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 04 अक्टूबर 2026 रविवार को हाई स्कूल मैदान महासमुंद में बेटा जौतिया महाव्रत पर्व एवं चिल्हरीडार पूजा का भव्य पारंपरिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति एवं समाज के पदाधिकारियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

बेटा जौतिया महाव्रत पर्व एवं चिल्हरीडार पूजा गुरुदेव एम जगत धुर्वा एवं गुरु माता नम्मे दाई के पावन सानिध्य में होगा। बेटा जौतिया महाव्रत पर्व गोंड समाज की पारंपरिक आस्था, रीति-नीति, रूढ़ि-प्रथा एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण महापरब है। इस अवसर पर समाज की पारंपरिक मान्यताओं एवं विधि-विधान के अनुसार माता काली कंकालिन, प्रकृति शक्ति, पुरखा शक्ति बूढ़ादेव एवं ईश्वर गवरा की पूजा-अर्चना की जाएगी। आयोजन के माध्यम से समाज की पारंपरिक संस्कृति एवं सामाजिक विरासत के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर संगोष्ठी एवं सभा-सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले सांस्कृतिक दलों द्वारा पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजक समिति के अनुसार इस आयोजन में महासमुंद के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से सामाजिक जन विशेष रूप से शामिल होने पहुंचेंगे। गोंड समाज के 5 परिक्षेत्र बकमा, खल्लारी, बहानेश्वर, मुस्की एवं सिरपुर सहित विभिन्न जिलों से समाज प्रमुख, सामाजिक प्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं युवा साथी भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। अलग-अलग क्षेत्रों से सामाजिक जनों की उपस्थिति के चलते आयोजन को व्यापक सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप प्राप्त होगा।

आयोजन का उद्देश्य समाज की पारंपरिक संस्कृति, रीति-रिवाज, रूढ़ि-प्रथा एवं सामाजिक परंपराओं का संरक्षण तथा युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। साथ ही सामाजिक एकता, आपसी समन्वय एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में भी यह आयोजन महत्वपूर्ण रहेगा। आदिवासी युवा प्रभाग की अध्यक्ष श्रद्धा ध्रुव ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति एवं समाज के पदाधिकारियों द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों एवं 5 परिक्षेत्रों (बकमा, खल्लारी, बहानेश्वर, मुस्की एवं सिरपुर) से सामाजिकजनों की सहभागिता इस आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान करेगी। उन्होंने समाज के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, युवा साथियों एवं सामाजिकजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है।



गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई

महासमुंद। ग्राम खरोरा में भारत देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। गांधी जी ने अपने अहिंसा के सिद्धांत और लाल बहादुर शास्त्री ने अपने ही विचारों, आदर्शों और कर्मठता से भारतीय राजनीति में एक अलग से पहचान बनाई। उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



गांधी जयंती पर प्रभात फेरी व सभा का आयोजन

महासमुंद। गांधी जयंती पर ग्राम लाफिनखुर्द में ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों के सहयोग से सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में बच्चों ने देशभक्ति एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से संबंधित नारों के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। प्रभात फेरी गांधी चौक पहुंचकर सभा के रूप में परिणत हुई। गांधी चौक में ग्राम सरपंच एवं ग्रामवासियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन, व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उनके सत्य, अहिंसा तथा स्वच्छता के संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उपस्थित बच्चों को गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सुंदर लाल साहू, नामदेव साहू, जितेंद्र टंडन, छबिराम साहू, देवकुमार टंडन, घांसूराम साहू, वीरेंद्र ध्रुव, सरस्वती शिशु मंदिर के स्टॉफ सदस्य, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

कुरुद। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर नगरपालिका कुरुद के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों ने सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। सिविल अस्पताल, स्वामी आत्मानंद स्कूल, कन्या विद्यालय और कारगिल चौक में सफाई कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि गांधी जी ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया था। उनके विचारों को व्यवहार में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

स्मरण : गांधी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री के सादगी को किया नमन

गांधी एवं शास्त्री जयंती पर विधायक ने किया उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने शहर में स्थित महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह और स्वच्छता के माध्यम से देशवासियों को एकता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। उनके विचार और आदर्श आज भी समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणादायी हैं। महात्मा गांधी ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया और जन-जन को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में देश का नेतृत्व करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनका प्रसिद्ध संदेश "जय जवान, जय किसान" देश के जवानों और किसानों के योगदान के महत्व को रेखांकित करता है।

भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कृषि एवं बीज विकास के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, भाजपा नेतागण उत्तरा प्रहरे, गोविंद ठाकुर, राकेश श्रीवास्तव, देवेंद्र चंद्राकर, भाऊराम साहू, राजेंद्र चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, महेंद्र जैन, माखन पटेल, हनीश बग्गा, लाल विजय सिंह, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, शरद मराठा, ऊषा पाल, हिमांशु चंद्राकर, सोनाधर सोनवानी, अभिषेक पांडे, नईम खान, गोपी कन्नौजे, कादर राजपूत सहित अन्य उपस्थित थें।



सत्य, अहिंसा और सादगी का संदेश लेकर मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

द न्यू होली फेथ स्कूल में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चेयरमैन महेंद्र जैन एवं प्राचार्य शर्वरी पिंचा के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार में हुआ।

महेंद्र जैन ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सादगी के आदर्शों को अपनाकर हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। वहीं शर्वरी पिंचा ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के आदर्शों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की रूपरेखा खेम चंद्राकर एवं रूपा डडसेना द्वारा तैयार की गई। शिक्षकों द्वारा 'रघुपति राघव राजाराम' एवं 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' का सामूहिक गायन किया गया। मंच संचालन कक्षा बारहवीं की छात्रा यास्मीन यादव ने किया, जबकि देविका मानिकपुरी एवं साक्षी झा ने भाषण प्रस्तुत किया।

एलकेजी के नन्हे बच्चों द्वारा स्वच्छता अभियान की सुंदर प्रस्तुति दी गई। वहीं सुभाय साहू, जेयांशु मानिकपुरी एवं लिज़ा धुर ने गांधी की वेशभूषा धारण की, जबकि पूर्वी साहू कस्तूरबा गांधी की वेशभूषा में नजर आईं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा जयेश जैन के संचालन में दांडी यात्रा निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाए।



महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्टर ने किया नमन

महासमुंद। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। पश्चात उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र एवं प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए देश एवं समाज की सेवा में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर केंद्रीय विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। सर्वधर्म प्रार्थना के माध्यम से सभी धर्मों के प्रति सम्मान, सद्भाव एवं एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा स्वच्छता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से स्वच्छता, स्वच्छ पर्यावरण एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जेके चंद्राकर द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में शिवानी, वंदिनी जौहरी, सोनिया, ओपी चंद्राकर, प्रभात देवांगन, नीलमाधव सिंह, सूर्य कुमार साहू, यादराम साहू प्रवीण साहू एवं दशरथराम यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।





गांधी जयंती पर सीएमएचओ कार्यालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

महासमुंद। गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर महासमुंद में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा, डीपीएम के साथ कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वेच्छा से परिसर की साफ-सफाई की।अधिकारियों-कर्मचारियों ने परिसर में जमा कचरे को हटाया तथा कार्यालय परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित रहने वाला अभियान नहीं है, बल्कि इसे अपनी दैनिक आदत और जिम्मेदारी का हिस्सा बनाना चाहिए। स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं स्वच्छता अपनाने के साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छ परिसर–स्वस्थ परिसर का संदेश देते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नियमित रूप से अपने कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत बिंद्रावन में विशेष ग्रामसभा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



विकासखंड बागबाहरा के दूरस्थ अंचल के ग्राम पंचायत बिंद्रावन में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद विशेष ग्राम सभा का आयोजन सरपंच गायत्री नोहर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ।

इस दौरान पंचायत सचिव कृपाराम पारकर ने मंच संचालन कर उन्होंने ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके बाद सचिव द्वारा पंचायत स्तर से जुड़े विभिन्न एजेंडों को पढ़कर सुनाया गया। इस ग्रामसभा में मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, पेयजल, आवास, शौचालय, साप्ताहिक हाट-बाजार तथा ग्रामीणों के बीच आपसी भाईचारा जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर सरपंच गायत्री ठाकुर द्वारा ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर होने वाले विभिन्न विकास कार्यों में सहभागिता एवं सहयोग की अपील की। साथ ही ग्रामीणों को उनके हित एवं लाभ से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच लुभेश्वर पाड़े, शिक्षक गोविंद चक्रधारी, नितेश पाड़े, खिलेंद्र ठाकुर, शिवचरण यादव, लच्छूराम पाड़े, मुन्नीबाई ममता ठाकुर, झाड़ूराम दशोदा ठाकुर, राधा सोनवानी, धनवीरेंद्र पाड़े, ईश्वर ठाकुर, समेत पंचगण मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



जयंती पर पूर्व सांसद परसराम भारद्वाज को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

पिथौरा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस में अविभाजित मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय परसराम भारद्वाज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि स्व.परसराम भारद्वाज छह बार सांसद रहे तथा अविभाजित मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाली। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में संगठन और जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करण दीवान ने कहा कि राजनीति में आने से पहले स्व. परसराम भारद्वाज शासकीय सेवा में स्पोर्ट्स टीचर के रूप में कार्यरत थे। बाद में शहीद विद्याचरण शुक्ल एवं स्व.शिव प्रसाद शर्मा जैसे वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में राजनीति में आए और उन्होंने कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर से प्रदेश स्तर तक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरविंदर छाबड़ा, बुदेश्वर डड़सेना, हराधन साहू, युगल किशोर यादव, शैलेंद्र डडसेना, देवराज ठाकुर, लता ठाकुर, रामदास मानिकपुरी, राजेश जैन, जयसिंह ध्रुव, रमेश प्रधान, तपन प्रधान, रामचंद्र, रामलाल, फूलसिंह बरिहा, सुदर्शन मुन्ना, देवसिंह दीवान, इंदाराम, राजकुमार बरिहा, आरती नायक, घनश्याम चांदी, राजेश नंद, मोहरसाय, मालती निषाद, ओम सिन्हा एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

नेहरू स्मृति विद्यालय में धूमधाम से मनाई गांधी जयंती

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी स्थित नेहरू स्मृति विद्यालय में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद व शिक्षिकाओं ने गांधी और शास्त्री के चलचित्र पर तिलक व फूल मालाओं से माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए बच्चों ने स्वच्छता के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। इसी कड़ी में स्कूल में महात्मा गांधी के जीवनी पर बच्चों ने भाषण, गीत, कविता में भाग लेकर प्रतिभाशाली बने। प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और महात्मा गांधी के आदर्श वाक्य



अहिंसा परमो धर्म को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। लाल बहादुर शास्त्री का नारा जय जवान जय किसान लगाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। बच्चों को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूल परिसर एवं आसपास सड़क किनारे की गंदगियों की साफ-सफाई की गई व स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरुकता अभियान चलाया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा है की सोच को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए स्वच्छता की शपथ ली।

इस अवसर पर प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद, रामा यादव, तेजेश्वरी यादव, द्रौपदी मन्नाडे, जागृति यादव, यामिनी चंद्राकर, हीना निषाद, खुशबू यादव, गोदावरी, शालिनी निषाद, खेमीन साहू, संध्या साहू, नीरा निषाद, इशिका यादव सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



छात्रावास में मनाई गांधी जयंती

महासमुंद। प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में गांधी जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने महात्मा गांधी के जीवन, सत्य, अहिंसा तथा स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अमूल्य योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्रावास अधीक्षिका रीतु चंद्राकर ने छात्राओं को महात्मा गांधी के जीवन दर्शन, उनके सिद्धांतों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



खबर संक्षेप



आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया पोषण त्योहार

नर्रा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन कार्यक्रम के तहत उखरा सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र राटापाली, झलमला और बहेराभाठा में राष्ट्रीय पोषण माह त्योहार मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी उपस्थित हुईं। इस दौरान सरपंच पूर्णिमा सोनवानी ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आंगनबाड़ियों के माध्यम से सीधे संचालित होने वाली योजनाओं जैसे 'प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना', 'महतारी वंदन योजना' और 'नोनी सशक्तिकरण योजना' के लाभों को विस्तार से रेखांकित किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डालेश्वरी सोनवानी, लक्ष्मी पटेल, प्यारी पटेल आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नियुक्त हुए तोषण

महासमुंद। राज्य के नगरीय निकायों तथा जिला, जनपद व ग्राम पंचायतों में रिक्त पदों के लिए दिसंबर 2026 में उपनिर्वाचन होने जा रहा है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारी शुरू कर दिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में महासमुंद जिले में निर्वाचक नामावली तैयार करने तथा निर्वाचन कार्य के संबंध में समय-समय पर अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में पदस्थ व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

कुम्हारीमुड़ा में डांस प्रतियोगिता आज

तेंदूकोना। ग्राम कुम्हारीमुड़ा में 3 अक्टूबर शनिवार को झमाझम डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसमें सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय 7001 रुपए, तृतीय 5001 रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रु रखा गया है। इसी तरह युगल डांस में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 3001 रुपए, तृतीय 2001 रुपए व चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपए के साथ एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 2001 रुपए, द्वितीय 1501 रुपए, तृतीय 1001 रुपए व चतुर्थ पुरस्कार 701 रुपए रखा गया है। प्रवेश शुल्क ग्रुप डांस में 201 रुपए, युगल डांस में 151 रुपए व एकल डांस में 101 रुपए निर्धारित है। कार्यक्रम को सफल बनाने ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

सतनामी समाज का जिला स्तरीय बैठक कल

महासमुंद। जिला में सतनामी समाज के कार्यरत सामाजिक संगठन/समिति के एकीकरण करने एवं एक रीति नीति का पालन करने सामाजिक पदाधिकारियों की आवश्यक समन्वय बैठक प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के बैनर तले एवं बेदराम मनहरे उपाध्यक्ष राज्य अनुसूचित जाति आयोग के मुख्य आतिथ्य में 4 अक्टूबर 2026 दिन रविवार समय 12 बजे संत माता कर्मा भवन (साहू समाज का सामाजिक भवन) बीटीआई रोड महासमुंद में रखा गया है। दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने बैठक में सभी सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों एवं समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

जिले में डेटा-आधारित हाइपरलोकल इंटरवेंशन कार्यक्रम का शुभारंभ

महासमुंद। जिले में सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में डेटा-आधारित हाइपरलोकल इंटरवेंशन (डीडीएचआई) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय बैठक अपर कलेक्टर रवि साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के अधिकारियों और प्रमुख हितधारकों ने सहभागिता की।

जल जीवन मिशन से जामगांव के 171 घरों में नलों से पहुंच रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा में जनसेवा और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का संकल्प निरंतर मजबूत हुआ है। इसी सेवा भावना और सुशासन की सोच को आगे बढ़ाते हुए जल जीवन मिशन ने जामगांव में हर घर नल से जल की सुविधा पहुंचाई है। अब यहां पानी के लिए समय और श्रम खर्च करने के बजाय ग्रामीण अपने दैनिक जीवन, स्वच्छता और बच्चों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दे पा रहे हैं।

जिले के बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोकरमुड़ कला के ग्राम जामगांव में जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर नल कनेक्शन पहुंचने से ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। गांव की स्कूली छात्रा कांति ध्रुव बताती हैं कि पहले सुबह स्कूल जाने से पहले उसे पानी लाने के लिए जाना पड़ता था। पानी लाने में उसका समय और श्रम दोनों लगता था। अब घर में नल से जल उपलब्ध होने के कारण कांति को पानी भरने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। बचा हुआ समय वह अपनी पढ़ाई में लगा पा रही है।

जामगांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 171 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। गांव में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 40 किलोलीटर



■ छात्रा कांति ध्रुव जैसी अन्य छात्राओं को पढ़ाई के लिए मिल रहा अतिरिक्त समय

क्षमता की उच्चस्तरीय जल टंकी का निर्माण किया गया है। लगभग 5 हजार मीटर पाइपलाइन बिछाकर घर-घर जल पहुंचाने की व्यवस्था विकसित की गई है। इस पूरी योजना पर लगभग 74 लाख 27 हजार रुपये की लागत आई है। जामगांव में 27 जुलाई 2026 को 'हर घर जल' प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण किया गया। पंचायत की सरपंच कौशल्या पवन ठाकुर एवं ग्राम सचिव फनीष कुमार साहू के नेतृत्व तथा ग्रामीणों की सहभागिता से गांव में हर घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य साकार हुआ है। जल के वैकल्पिक स्रोत के रूप में गांव में एक पावर पंप और एक हैंडपंप भी उपलब्ध हैं। साथ ही गांव के प्रमुख सार्वजनिक संस्थानों को भी नल कनेक्शन से जोड़ा गया है। स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और सामुदायिक शौचालय में नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इससे बच्चों को पेयजल की सुविधा मिलने के साथ ही स्वच्छता एवं साफ-सफाई की व्यवस्था को भी बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। गांव की पांच महिलाएं जल गुणवत्ता की निगरानी में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। संजना साहू, श्रुति नागेश, हेम बाई सावरा, ओम बाई चक्रधारी एवं पानबाई सबर जल परीक्षण किट के माध्यम से पेयजल के नमूनों की जांच करती हैं। वे ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करने में भी सहयोग करती हैं। जलापूर्ति व्यवस्था के संचालन, पानी की सप्लाई तथा आवश्यकता अनुसार व्यवस्था को चालू-बंद करने और संधारण के लिए पंप ऑपरेटर केशव साहू को नियुक्त किया गया है। ग्रामीणों ने जल योजना के संचालन एवं रखरखाव में अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए प्रति नल कनेक्शन 60 रुपए जलकर लिए जाने पर भी सहमति दी है।

समस्या: जर्जर बायपास कांक्रीट सड़क दे रहे हादसों को न्योता

बायपास मार्ग पर जगह जगह गड्ढे, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

कोमाखान-खट्टी मार्ग स्थित नर्रा से अंतरराज्यीय वनोपज जांच नाका की ओर जाने वाला यह बायपास कांक्रीट मार्ग पड़ोसी राज्य ओडिशा को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मार्ग पर दर्जन भर से अधिक रोजमर्रा के काम पर निकलने वाले ग्रामीण के अलावा हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही होती है।

■ ग्रामीणों व राहगीरों ने प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से इस जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग की

बता दें कि इस तस्वीर में स्पष्ट देखा जा सकता है कि सड़क की कम चौड़ाई की वजह सड़क के दोनों किनारे पर गहरे गड्ढे बन गए



है, जब कोई बड़ा वाहन हाईवा ट्रक पास होता है तो साइड देने के चक्कर में दोपहिया वाहन व साइकिल चालक एवं पैदल चलने वाले रहवासी इन गड्ढों में असंतुलित होकर चोटग्रस्त हो रहे है। यहां हमेशा अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। इस कांक्रीट सड़क का निर्माण लगभग 7 से 8 वर्ष पूर्व हुआ था। समय बीतने के साथ-साथ देख-रेख के अभाव में सड़क की कांक्रीट की परत उखड़ चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर स्थिति इतने गड्ढे है कि हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

बारिश के दौरान सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने से गहराई का अंदाजा नही मिल पाता, तेज गति से निकलने वाले वाहनों से कीचड़ युक्त पानी छिंटककर राहगीरों पर पड़ता है, जिससे उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों व राहगीरों ने प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से इस जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग की है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आमजन में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।

शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, उद्योग प्रतिनिधि अमित अग्रवाल, कृषक समिति अध्यक्ष विजयराज पटेल, किसान मोर्चा प्रदेश सहसंयोजक अजय डड़सेना, युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी सौरभ अग्रवाल, मीडिया प्रभारी गौरव चंद्राकर एवं बीएमओ डॉ. तारा अग्रवाल ने भारत माता, महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर से प्रारंभ होकर एक माह तक चलने वाले सेवा को केंद्र में रखकर विभिन्न जनसेवा



गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा का संदेश पहुंचाना और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सेवा किसी एक दिन या आयोजन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बननी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। समय पर रक्त उपलब्ध होना गंभीर मरीजों के उपचार में अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच के उपरांत रक्त संग्रह किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने रक्तदान के महत्व को समझते हुए जनसेवा के कार्यों में निरंतर भागीदारी का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के डॉ तारा अग्रवाल खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पीतांबर पटेल, चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज जयकांत विश्वकर्मा, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक आर के अवस्थी, आर नाग, अजय वर्मा, स्टॉफ नर्स सीएल बरिहा, एमएलटी चंदन सिंह ठाकुर, आईसीटीसी काउंसलर अंजली चौधरी, एएनएम प्रशांत मेश्राम, लिपिक चंद्रकांत शेरसिंह सहित अधिकारी-कर्मचारी, भाजपा पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

आंगन मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए लोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम उखरा सेक्टर आंगनवाड़ी केंद्र परसुली एवं अमनपुरी में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद



सदस्य लोचन पटेल एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच जलसिंह चक्रधारी ग्रा.पं परसुली, सरपंच पूर्णिमा सोनवानी राटापाली, उपसरपंच कपूरचंद चक्रधारी, परमेश्वर पटेल, देवेंद्र चक्रधारी, परमेश्वर सोनवानी सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कुपोषण से बचाव और शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि द्वारा राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्थानीय पौष्टिक आहार, हरी सब्जियों, अंकुरित अनाज का प्रदर्शनी लगाई गई। सुपोषण गोद भराई एवं अन्नप्राशन गर्भवती माताओं गोद भराई की गई तथा 6 माह पूर्ण कर चुके शिशुओं को अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सेवती तांडी, जानकी राजवंशी सहायिकाएं, सेक्टर सुपरवाइजर पंचायत सचिव सुनीता सोनवानी, पंचगण तथा बड़ी संख्या में महिलाएं, किशोरी बालिका और बच्चे उपस्थित रहे।

राशन कार्ड के नाम पर दस्तावेजों का बोझ बढ़ा रही सरकार: रश्मि

महासमुंद। नए राशन कार्ड बनाने और पुराने राशन कार्ड में संशोधन की प्रक्रिया को लेकर सामने आ रही परेशानियों पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी डॉ. रश्मि चंद्राकर ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्था को सरल बनाने के बजाय यदि प्रक्रिया इतनी जटिल कर दी जाए कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों को एक दस्तावेज के लिए दूसरे सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ें, तो सरकार को इसकी जवाबदेही लेनी चाहिए। हाल ही में राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया दोबारा शुरू होने की खबरों के बीच विभिन्न दस्तावेजों और करीब कई ऐसे बिंदुओं पर जानकारी लिए जाने की बात सामने आई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार नए राशन कार्ड अथवा संशोधन के लिए आधार, बैंक खाते सहित अन्य दस्तावेजों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करनी पड़ रही है। डॉ. रश्मि ने सरकार से मांग की कि राशन कार्ड से संबंधित नए नियमों और दस्तावेजों की पूरी जानकारी सार्वजनिक रूप से सरल भाषा में जारी की जाए। लंबित आवेदनों और लंबे समय से बंद राशन कार्डों की समीक्षा कर पात्र परिवारों को राहत दी जाए।



साय सरकार आम जनता को वसूली मशीन बना रही है, बस किराया बढ़ाने की बजाय पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए : आलोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जीव जंतु कल्याण बोर्ड छग के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महासचिव आलोक चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार पर महंगाई से जूझ रही आम जनता को और परेशान करने का गंभीर आरोप लगाया है। चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार ने बस किराया बढ़ाने के प्रस्ताव पर सहमति के संकेत दे दिए हैं। परिवहन सचिव ने स्वयं स्वीकार किया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक में इस पर चर्चा हुई है और जल्द ही परिवहन मंत्री केदार कश्यप नई दरों की घोषणा कर सकते हैं। प्रस्ताव के अनुसार सामान्य सीट वाली बस में शुरुआती पांच किलोमीटर का किराया 10 से



बढ़ाकर 12 रुपये और उसके बाद प्रति किलोमीटर 1.75 रुपये वसूला जाएगा, जबकि वर्तमान दर करीब एक रुपए प्रति किलोमीटर है। यह वृद्धि गरीब, मजदूर, छात्र और रोजाना यात्रा करने वाले आम लोगों पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि बस संचालक चार साल से किराया बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, इसका कारण डीजल, स्पेयर पार्ट्स और रखरखाव का महंगा होना है। सरकार को किराया बढ़ाने की जगह डीजल-पेट्रोल के दाम कम करने चाहिए। केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की डबल इंजन सरकार है, अगर वे अपने कमीशन और टैक्स में कटौती कर दें तो ईंधन के दाम आधे हो जाएंगे और न बस संचालकों पर बोझ बढ़ेगा न जनता पर। लेकिन सरकार को जनता की तकलीफ से कोई लेना देना नहीं है। चंद्राकर ने कहा कि यह सरकार केवल आम जनता को वसूली मशीन बनाकर रख दी है। आम आदमी पहले से ही राशन, खाद्य सामग्री, महंगी बिजली बिल और जीवन रक्षक दवाइयों की महंगाई से परेशान है। ऊपर से अब बस यात्रा महंगी कर सरकार गरीब की सवारी भी छीनना चाहती है। उन्होंने सरकार के इस जनविरोधी फैसले का विरोध करते हुए कहा कि बस किराया वृद्धि का प्रस्ताव तत्काल वापस लिया जाए और पेट्रोल डीजल के दाम कम कर जनता को राहत दी जाए।

त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन दिसंबर के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम जारी

महासमुंद। छग राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विकासखंडवार पंचायतों के प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन दिसम्बर 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) विनय कुमार लंगेह ने संबंधित जनपद पचांयतों के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम के अनुसार 13 अक्टूबर तक निर्वाचक नामावली की चेक लिस्ट तैयार कर ली जाएगी तथा 14 अक्टूबर तक उसकी जांच कर त्रुटियों का सुधार कराया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मुद्रण कराकर इसे रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को 21 अक्टूबर तक उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 23 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा तथा उसी दिन से दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निराकरण 03 नवम्बर तक किया जाएगा तथा प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11 नवम्बर 2026 निर्धारित की गई है। प्राप्त दावों का निराकरण 13 नवम्बर तक किया जाएगा। निराकरण आदेश के विरुद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर की जा सकेगी। इसके बाद परिवर्धन, संशोधन तथा विलोपन से संबंधित प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में 19 नवम्बर तक की जाएगी। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा परीक्षण कर पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को 23 नवम्बर 2026 तक सौंपा जाएगा। इसके पश्चात अनुपूरक सूची का मुद्रण कर उसे मूल सूची के साथ 27 नवम्बर 2026 तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 30 नवम्बर को किया जाएगा।

छग शिक्षक संघ प्रांतीय पदाधिकारियों की शिक्षा मंत्री से सौजन्य भेंट

विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा आग्रह पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री से सौजन्य भेंट करते हुए शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए 10 सूत्रीय आग्रह पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय प्रमुख रुप से उपस्थित थे। गत दिनों महासमुंद में आयोजित महिला शिक्षक प्रांतीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजन में शिक्षा मंत्री की उपस्थिति रही एवं शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं से अवगत होते हुए निराकरण का आश्वासन भी दिया। प्रांतीय सम्मेलन के संयोजक एवं उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उप प्रांताध्यक्ष सेन ने बताया कि शिक्षा मंत्री को सहायक शिक्षकों का लंबित तृतीय



क्रमोन्नत वेतनमान, राष्ट्रहित, शिक्षा हित शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित के विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यालय हेतु रियायती दर पर नया रायपुर में भूखंड प्रदाय करने, भर्ती पदोन्नति नियम 2026 का क्रियान्वयन शीघ्रता से समय सीमा एवं समयबद्घ प्रक्रिया में करने विभाग में प्रभारवाद समाप्त कर समस्त संवर्गों को शिक्षक से लेकर अपर संचालक तक पदोन्नति, पेंशन प्रकरण के निस्तारण हेतु एलबी संवर्ग की सेवा गणना, प्रथम नियुक्ति तिथि से करने आरएसएसए अंतर्गत हाई/हायर सेकेंडरी स्कूलों में संस्कृत व्याख्याता का पद पुनः सृजित करने, सहायक शिक्षक से ग्रंथपाल पद पर पदोन्नति का क्रियान्वयन शीघ्रता से समय सीमा एवं समयबद्घ प्रक्रिया में करने विभाग में प्रभारवाद समाप्त कर समस्त संवर्गों को शिक्षक से लेकर अपर संचालक तक पदोन्नति, पेंशन प्रकरण के निस्तारण हेतु एलबी संवर्ग की सेवा गणना, प्रथम नियुक्ति तिथि से करने आरएसएसए अंतर्गत हाई/हायर सेकेंडरी स्कूलों में संस्कृत व्याख्याता का पद पुनः सृजित करने, सहायक शिक्षक से ग्रंथपाल पद पर पदोन्नति पदोन्नति का मूलभूत नियम वरिष्ठता एवं योग्यता है। वर्तमान पदोन्नति में टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए। स्वामी आत्मानंद हिंदी/अंग्रेजी स्कूलों में व्यय भुगतानों में जिलाधीश अधिकारी प्रति हस्ताक्षर की व्यवस्था समाप्त की जाए एवं अतिथि शिक्षकों को अवकाश की पात्रता व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाए। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के इन प्रमुख मांगों को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने समाधान की बात कही। उक्त जानकारी कार्यवाही प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी एवं उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने दी है।

